# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२


सत्र: २०२१३-२०२४

कक्षा:-चार | विषय:- हिंदी व्याकरण | पाठ-संज्ञा

**परिभाषा:-**किसी व्यक्ति वस्तु, स्थान और भाव का नाम बताने वाले शब्दों को संज्ञा कहते हैं।

जैसे:-तान्या, मुंबई, कुर्सी, गंगा, मिठास, खटास, मित्रता आदि।

संज्ञा के भेद- संज्ञा के तीन भेद होते हैं:-

१. व्यक्तिवाचक संज्ञा

२. जातिवाचक संज्ञा

३. भाववाचक संज्ञा

उदाहरण:-

१. <u>व्यक्तिवाचक संज्ञा:-</u>

क) <u>हिमालय</u> पर्वतों का राजा है।

ख) मेरा विद्यालय <u>दिल्ली</u> में स्थित है।

२. <u>जातिवाचक संज्ञा:-</u>

क) <u>सैनिक</u> लड़ रहे हैं।

ख) कक्षा में कुछ <u>बच्चे</u> बातें कर रहे हैं।

३. <u>भाववाचक संज्ञा:-</u>

क) बगीचे में <u>हरियाली</u> छाई है।

ख) करेले में <u>कड़वाहट</u> है।